DOON UNIVERSITY
NEWSPAPER CLIPPING SERVICES

हिन्दुस्तान
www.livehindustan.com

अपना राजकाज

महिलाओं की आजीविका में सुधार करेगा दून विवि का शोध

वन यूनिवर्सिटी वन रिसर्च

- दून विवि की कुलपति ने राज्यपाल के सम्मुख दिया प्रस्तुतीकरण
- राज्यपाल ने कहा कि शोध के अंतिम सुझावों को सरकार के साथ साझा किया जाएगा

देहरादून, मुख्य संवाददाता। राज्यपाल ले.ज. गुरमीत सिंह (सेनि) ने कहा कि उत्तराखंड में महिलाओं के सशक्तीकरण की दिशा में दून विवि का शोध मील का पत्थर साबित होगा। इस शोध का उद्देश्य महिलाओं की वर्तमान जीवन परिस्थितियों को समझना और उनकी आजीविका में सुधार के लिए ठोस समाधान ढूंढना है। राज्यपाल ने कहा कि इस शोध के अंतिम सुझावों को उत्तराखंड सरकार और भारत सरकार के साथ साझा किया जाएगा। राजभवन में बुधवार को 'वन यूनिवर्सिटी-वन रिसर्च' योजना के तहत शोध कार्य प्रस्तुतीकरण के दौरान राजपाल ने ये बात कही।

दून विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल ने 'वन यूनिवर्सिटी-वन रिसर्च' योजना के तहत बुधवार को राजभवन में राज्यपाल के समक्ष शोध कार्य की प्रगति पर प्रस्तुतीकरण दिया। प्रस्तुतीकरण के दौरान कुलपति ने बताया कि विवि की शोध टीम ने उत्तराखंड के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर महिलाओं के जीवन और आजीविका से संबंधित डेटा एकत्र किया। टीम ने स्वास्थ्य सेवाओं तक महिलाओं की पहुंच, शिक्षा के अवसर, वित्तीय सेवाओं का लाभ, सुरक्षा एवं संरक्षण और जीवन की गुणवत्ता जैसे विषयों पर गहन शोध किया। इसके अतिरिक्त, शोध में महिलाओं के उद्यमिता, आजीविका विविधीकरण, रिवर्स माइग्रेशन, सरकारी योजनाओं के प्रभाव और आजीविका में सुधार के विभिन्न पहलुओं का भी विश्लेषण किया गया, जिनके आधार पर अंतिम निष्कर्ष तैयार किया जा रहा है। मौके पर सचिव रविनाथ रामन, अपर सचिव स्वाति एस. भदौरिया, प्रो. राजेन्द्र पी. ममगाईं, संयुक्त निदेशक सूचना नितिन उपाध्याय मौजूद थे।

दून विवि की ओर से किया जा रहा शोध

दून विवि की ओर से 'उत्तराखंड में महिलाओं के जीवन और आजीविका में सुधार' विषय पर शोध किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत राज्यपाल ने राज्य के सभी राज्य विश्वविद्यालयों को उनकी विशेषज्ञता के अनुसार राज्यहित में शोध कार्य करने के निर्देश दिए थे।

Newspaper –Hindustan
Date– 16.01.2025